AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

बीबीए एलएलबी व बीएससी एजी की शुरुआत नए सत्र से

लविवि : एमबीए आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का कोर्स भी होगा शुरू

अक्षय कुमार

लखनऊ। लविवि ने सत्र 2023-24 से बीएससी एजी की पढ़ाई शुरू करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। वहीं आज की जरूरत को ध्यान में रखते हुए बीबीए एलएलबी और एमबीए आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की भी शुरुआत विवि प्रशासन नए सत्र से करेगा।

विवि प्रशासन ने वर्तमान सत्र में ही एग्रीकल्चर फेकेल्टी शुरू करने का निर्णय लिया था। इसके तहत विद्या परिषद व कार्य परिषद से सभी चीजें एप्रूव करा ली गई थीं। जिसमें कोर्स सिलेबस आदि भी शामिल था। इसी क्रम में अब नए सत्र 2023-24 से इसकी पढ़ाई शुरू करने की कवायद तेज कर दी गई है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि पहले साल इसकी शुरुआत 60 सीटों से करेंगे। फिलहाल इसकी शुरुआत न्यू कैंपस में की जाएगी। आगे चलकर यह अपने फैकल्टी में शिफ्ट होगा।

प्रो. राय ने बताया कि हमारे यहां लॉ तीन वर्षीय व पांच वर्षीय पाठ्यक्रम की काफी मांग है। वहीं आज की जरूरत को ध्यान में रखकर नए सत्र से बीबीए-एलएलबी कोर्स शुरू करने का भी निर्णय लिया गया है। यह अपडेटेड कोर्स होगा और इसके बाद रोजगार की संभावनाएं काफी रहेंगी। इसमें भी पहले साल 60 सीटों पर ही प्रवेश लिया जाएगा। न्यू कैंपस स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज (आईएमएस) में शिक्षक, संसाधन व सुविधाएं बढ़ने के बाद यहां भी विद्यार्थियों का रुझान बढ़ा है। यहां भी नई मांग के अनुरूप एमबीए आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस 60 सीट से शुरू किया जाएगा। इसके लिए अन्य आवश्यक तैयारियां पूरी की जा रही हैं।

जमीन की प्रक्रिया आखिरी चरण में

प्रो. राय ने बताया कि एग्रीकल्चर फैकेल्टी शुरू करने के लिए जमीन का प्रस्ताव शासन को भेजा गया था। वहां से आवश्यक औपचारिकता पूरी कर जमीन आवंटन की प्रक्रिया आखिरी चरण में है। तब तक हम न्यू कैंपस में अपनी एग्रीकल्चर की कक्षाएं चलाएंगे और फैकेल्टी तैयार होने के बाद आवश्यक चीजें यहां शिफ्ट की जाएंगी।

एक लाख फॉर्म का है लक्ष्य

नैक में ए प्लस प्लस ग्रेडिंग पाने के बाद विवि प्रशासन जहां नए कोर्स शुरू कर रहा है, वहीं उसका लक्ष्य यह भी है कि 8000 सीटों के सापेक्ष उसके यहां कम से कम एक लाख आवेदन फॉर्म प्रवेश के लिए आएं। प्रो. राय ने कहा कि इसके लिए विश्वविद्यालय प्रशासन सोशल मीडिया और छात्रों के जरिए ब्रांडिंग का काम करेगा। वर्तमान में 70-75 हजार प्रवेश आवेदन फॉर्म आ रहे हैं।

हबीबुल्लाह व कैलाश गर्ल्स को बेस्ट हॉस्टल का खिताब

लविवि के मालवीय सभागार में इंटर हॉस्टल कॉम्पटीशन फेस्ट में सम्मानित हुए छात्र-छात्राएं। - संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

लविवि में इंटर हॉस्टल कॉम्पटीशन का समापन

लखनऊ। लविवि में आयोजित सात दिवसीय इंटर हॉस्टल कॉम्पटीशन फेस्ट का रविवार को समापन हो गया। कुलपति प्रो. डॉ. आलोक कुमार राय ने विजेताओं को मेडल पहनाकर उन्हें सम्मानित किया। हबीबुल्ला बॉयज और कैलाश गर्ल्स हॉस्टल को सर्वश्रेष्ठ छात्रावास का खिताब मिला।

मालवीय सभागार में आयोजित भव्य सम्मान समारोह में कुलपति ने इंटर हॉस्टल कॉम्पटीशन फेस्ट के लोगो का अनावरण किया। विशिष्ट अतिथि यूनिवर्सिटी एथलेटिक एसोसिएशन के चेयरमैन प्रो. रूपेश कुमार ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में शिक्षा के साथ खेल भी जरूरी है। आयोजक प्रो. अनूप कुमार सिंह ने फेस्ट में कुल 1111 विद्यार्थियों ने भाग लिया। सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागी का पुरस्कार कैलाश छात्रावास की प्रिया देवी और महमूदाबाद छात्रावास के विनीत सिंह को दिया गया है। विनीत को पांच पदक और प्रिया को चार पदक अलग-अलग प्रतियोगिताओं में मिले। डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. पूनम टंडन, प्रॉक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी, प्रो. मधुरिमा लाल, डॉ. राहुल पांडेय, डॉ. सक्षम श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

इतने छात्र-छात्राओं को मिले पदक

	स्वर्ण	रजत	कांस्य	कुल पदक
छात्र	94	84	47	225
छात्राएं	85	88	33	206

लविवि की एमबीए परीक्षाएं छह से

माई सिटी रिपोर्टर

परीक्षा का कार्यक्रम जारी

लखनऊ। लविवि में एमबीए की परीक्षाएं छह फरवरी से शुरू होंगी। विवि के व्यापार प्रशासन विभाग की ओर से एमबीए प्रथम सेमेस्टर और तृतीय सेमेस्टर का कार्यक्रम जारी किया है।

प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 17 फरवरी से एक मार्च तक चलेंगी। इसी तरह तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं छह फरवरी से 28 फरवरी तक चलेंगी। परीक्षाएं दोपहर 2 बजे शाम 5 बजे तक होंगी। यह परीक्षा कार्यक्रम विवि की वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

प्रथम सेमेस्टर का प्रस्तावित कार्यक्रम

तारीख	विषय
17 फरवरी	क्वांटेटिव टेकिभनक्स फॉर बिजनेस
21 फरवरी	बिजनेस एकाउंटिंग
23 फरवरी	ऑर्गनाइजेशनल बिहेवियर
25 फरवरी	प्रिंसिपल ऑफ मैनेजमेंट एंड बिजनेस इथिक्स
27 फरवरी	बिजनेस एनवायरमेंट
1 मार्च	मैनेजेरियल इकनॉमिक्स

तृतीय सेमेस्टर का कार्यक्रम

■ 6 फरवरी - बिजनेस एनालिटिक्स ■ 8 फरवरी - इंटीग्रेटेड मार्केटिंग कम्यूनिकेशन, फाइनेंशियल सिस्टम एंड इंस्टीट्यूशन्स, ऑर्गनाइजेशनल चेंज एंड डवलपमेंट, एक्सपोर्ट इंपोर्ट प्रोसिजर एंड डाक्यूमेंटाइजेशन ■ 10 फरवरी- इनोवेशन एंड इंटरप्रन्योरशिप ■ 16 फरवरी- प्रोडक्ट एंड ब्रांड मैनेजमेंट, सिक्योरिटी एनालिसिस एंड पोर्टफोलियो मैनेजमेंट, टैलेंट मैनेजमेंट, इंटरनेशनल मार्केटिंग, ■ 20 फरवरी - कंज्यूमर बिहेवियर, बैंकिंग एंड इंश्योरेंस सर्विसेज, परफर्मिंस मैनेजमेंट एंड एचआर ऑडिट, इमर्जिंग इकोनॉमिक्स एंड मार्केट्स ■ 22 फरवरी - कस्टमर रिलेशनशिप एंड मैनेजमेंट, कार्पोरेट टैक्स प्लानिंग, इंडस्ट्रियल रिलेशंस एंड डिस्प्यूट सेटेलमेंट ■ 24 फरवरी - डिजिटल मार्केटिंग, वर्किंग कैपिटल मैनेजमेंट ■ 27-28 फरवरी - समर इंटर्नशिप प्रोजेक्ट प्रजेंटेशन।

JAGRAN CITY PAGE III

इंटर हास्टल प्रतियोगिता में छात्रों ने 225, छात्राओं ने जीते 206 पदक

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के सात दिवसीय इंटर हास्टल प्रतियोगिता फेस्ट-2023 में छात्रों ने सबसे ज्यादा पदक जीत कर बाजी मारी है। छात्राओं को जहां स्वर्ण, रजत, कांस्य मिलाकर 206 पदक मिले, वहीं छात्रों के खाते में 225 पदक आए। रविवार को मालवीय सभागार में मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने सभी विजेताओं को पदक व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने फेस्ट के लोगो का अनावरण किया।

1111 प्रतिभागियों में भी छात्र ज्यादा : अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि इस फेस्ट में कुल 59 प्रतियोगिताएं हुईं, जिसमें 30 प्रतियोगिताएं छात्राओं और 29 छात्रों की थीं। इनमें 1111 प्रतिभागी रहें। 596 छात्र व 515 छात्राएं रहीं। छात्रों ने 94 स्वर्ण, 84 सिल्वर व 47 कांस्य पदक हासिल किये। छात्राओं ने 85 स्वर्ण, 88 सिल्वर व 33 कांस्य पदक जीते। कुलपति ने सभी को उनके पदक, ट्राफी और प्रमाण पत्र दिए। समारोह में चीफ प्रोवोस्ट प्रो. अनूप कुमार सिंह, चीफ प्राक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी, सांस्कृतिकी की निदेशक प्रो. मधुरिमा उपस्थित रहीं।

हबीबुल्लाह और कैलाश हास्टल को मिला बेस्ट हास्टल अवार्ड : बेस्ट हास्टल ब्वायज हबीबुल्लाह छात्रावास तथा बेस्ट हास्टल गर्ल्स कैलाश छात्रावास को मिला। बेस्ट परफार्मर गर्ल्स की ट्राफी प्रिया देवी कैलाश छात्रावास को मिली। उन्हें चार पदक मिले। बेस्ट परफार्मर रहे ब्वायज महमूदाबाद छात्रावास के विकास सिंह को पांच पदक मिले।

गोल्डन जुबिली में कला मंच का लोकार्पण : रविवार शाम को कुलपति ने गोल्डन जुबिली हास्टल में कला मंच का लोकार्पण किया। यह उच्च शिक्षा विभाग के सहयोग से तैयार कराया गया है। इस अवसर पर प्रोवोस्ट डा. केया भी उपस्थित रहीं।

लखनऊ विश्वविद्यालय में विजयी टीमें सम्मानित

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने जी 20 के उपलक्ष्य में यूनिवर्सिटी कनेक्ट प्रोग्राम के तहत रविवार को खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। इसमें विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों, विभागों एवं छात्रावासों की टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन एथलेटिक एसोसिएशन के चेयरमैन प्रो. रूपेश कुमार ने किया। इस कार्यक्रम में नौ टीमों ने प्रतिभाग किया।

कैरम खेलते प्रतिभागी ● सौजन्य : लवि

यूनिवर्सिटी कनेक्ट प्रोग्राम की समन्वयक प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि खेल, सांस्कृतिक, शिक्षा, प्रदर्शनियों और सेमिनारों सहित विभिन्न आयोजनों से छात्रों को सक्रिय रूप से भाग लेने और जी 20 प्रेसीडेंसी के महत्व को समझने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि रविवार को क्रिकेट, शतरंज, कैरम, खो-खो, आदि खेल प्रतियोगिताएं हुईं। क्रिकेट में समाज कार्य विभाग की टीम विजयी रही। शतरंज में विज्ञान संकाय, कैरम में गणित विभाग और खो-खो में महमूदाबाद छात्रावास की टीम विजयी रही। विजयी टीमों के सभी खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट संघ के कोच पवन सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। भारतीय शतरंज संघ की रेफरी कविता सिंह, डा.अलका मिश्रा एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

लवि में रज्जू भइया के नाम पर होगा रूरल साइंस रिसर्च सेंटर

रज्जू भइया स्मृति व्याख्यान माला मे मौजूद अतिथि ● जागरण

जासं, लखनऊ : कुछ लोग इतिहास पढ़ते हैं और कुछ लोग इतिहास में बताई बातों पर चलते हैं लेकिन, कुछ लोगों का व्यक्तित्व ही इतिहास बन जाता है। ऐसे लोगों में प्रो. राजेंद्र सिंह रज्जू भइया थे, जिनका व्यक्तित्व ही इतिहास बन गया।

ये बातें रविवार को उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने लखनऊ विश्वविद्यालय के चाणक्य सभागार में रज्जू भइया स्मृति व्याख्यान माला 2023 : वर्तमान परिपेक्ष्य में जीवन कौशल की उपादेयता कार्यक्रम में कहीं। उन्होंने रज्जू भइया के नाम से लवि में रूरल साइंस रिसर्च सेंटर भौतिक शास्त्र विभाग में खोले जाने की घोषणा करते हुए कहा कि शासन व कुलपति से जल्द विमर्श करेंगे।

उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने कहा कि युवाओं को मानसिक दबाव में कोई निर्णय नहीं लेना चाहिए, उन्हें अपनी योग्यता को पहचानना होगा, किसी का अंधानुकरण न करें। पूर्व मंत्री डा. नरेंद्र सिंह गौर ने कहा कि परिवार से संपन्न होने के बावजूद उन्होंने अपने लिए कोई संपत्ति नहीं बनाई। शिक्षा के माध्यम से संस्कार मिले इसलिए रज्जू भैया ने सरस्वती शिक्षा मंदिरों की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस मौके पर यहां अजय, संजय, अक्षय सिंह आदि मौजूद रहे।

दि लाइफ एंड टाइम्स आफ रज्जू भइया का विमोचन

मुंबई से पधारे डा. रतन शारदा की किताब दि लाइफ एंड टाइम्स आफ रज्जू भइया का विमोचन किया गया। शारदा ने बताया कि रज्जू भैया कहते थे कि सबको भारतीय गणवेश मे रहना चाहिए जिससे संस्कार सशक्त हों। सपरिवार गांव में जाना चाहिए जिससे कि जड़ों से जुड़े रहे। इंजीनियर गौरव लखीमपुर जिले में गौ आधारित कृषि व्यवस्था व डा. कमाल टाओरी पूर्व आइएएस के साथ मिलकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रहे है। गौरव को मंत्री ने सम्मानित किया।

लवि एमबीए की परीक्षाएं छह से, कार्यक्रम जारी

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने आइएमएस के बाद अब ओल्ड कैंपस में संचालित एमबीए विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया। लखनऊ यूनिवर्सिटी एमबीए (लुंबा) की ओर से तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाएं छह से 28 फरवरी तक होंगी। प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 17 फरवरी से एक मार्च तक होंगी। परीक्षाओं का समय दोपहर दो से शाम पांच बजे तक रहेगा। इसका केंद्र ओल्ड कैंपस तय किया गया है। विस्तृत कार्यक्रम विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in के माध्यम से देख सकते हैं। गौरतलब है कि लवि में दो तरह के एमबीए पाठ्यक्रम संचालित हैं। इनमें एक द्वितीय परिसर के इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट साइंस (आइएमएस) में और दूसरा ओल्ड कैंपस में लुंबा की ओर से है।

HINDUSTAN PAGE 5

एलयू : रज्जू भैया के नाम पर रूरल साइंस रिसर्च सेंटर

लखनऊ, संवाददाता। उच्च शिक्षा विभाग के कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि रज्जू भैया का जीवन स्वयं जीवन कौशल का उदाहरण था। मंत्री ने रज्जू भइया के नाम से रुरल साइंस रिसर्च सेंटर खोले जाने की घोषणा की। यह लखनऊ विश्वविद्यालय के भौतिक शास्त्र विभाग में खुलेगा। रज्जू भैया का जीवन दर्शन पढ़ने से और उस पर चिंतन मनन करने से जीवन कौशल परिष्कृत होगा, व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होगा। वह रविवार एलयू में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चतुर्थ सर संघ चालक प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भैया) की जन्म शताब्दी स्मृति व्याख्यान में रहे। विशिष्ट अतिथि राज्य मंत्री रजनी तिवारी व डॉ. रतन शारदा रहे। मुख्य वक्ता पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ. नरेंद्र सिंह गौर, वीरेश्वर द्विवेदी रहे।

शिया कॉलेज : सात नए पाठ्यक्रमों के आवेदन

लखनऊ। ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के जनरल सेक्रेटरी यासूब अब्बास ने मौलाना कल्बे जव्वाद पर आरोप लगाया कि उनकी शिकायत से शिया कॉलेज को नैक ए प्लस प्लस ग्रेड नहीं मिला। आरोप लगाया कि शिया धर्मगुरु कल्बे जव्वाद ने 16 अक्टूबर को नैक को एक पत्र भेजा था। इससे 19-20 अक्टूबर को मूल्यांकन को पियर टीम दबाव में रही। मौलाना यासूब अब्बास ने कहा कि वक्फ बोर्ड की गड़बड़ियों की सीबीआई जांच होनी चाहिए। मीडिया को-ऑर्डिनेटर प्रदीप शर्मा ने बताया कि शिया कॉलेज ने इस साल सात नये कोर्स का आवेदन किया है। लॉ, बीजेएमसी, बीसीए, एमएससी केमिस्ट्री, एमएससी इन फिजिक्स, एजुकेशन, राजनीति विज्ञान, इतिहास में एमए है।

एलयू में एमबीए की परीक्षाएं छह से

LUCKNOW : लखनऊ विश्वविद्यालय ने आइएमएस के बाद अब ओल्ड कैंपस में संचालित एमबीए विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया। लखनऊ यूनिवर्सिटी एमबीए (लुंबा) की ओर से प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं छह से 28 फरवरी तक होंगी। प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 17 फरवरी से एक मार्च तक होंगी। परीक्षाओं का समय दोपहर दो से शाम पांच बजे तक रहेगा। इसका केंद्र ओल्ड कैंपस तय किया गया है।

i-NEXT PAGE 3

हबीबुल्ला और कैलाश ने जीता नंबर वन हॉस्टल का खिताब

लखनऊ यूनिवर्सिटी में चल रहे इंटर हॉस्टल कंपटीशन फेस्ट 2023 में जीता खिताब

प्रिया को बेस्ट परफॉर्मर का खिताब

लड़कों के खाते में 94 गोल्ड

शानदार प्रदर्शन किया

lucknow@inext.co.in

समझी जी 20 की अहमियत

लखनऊ यूनिवर्सिटी में रविवार को यूनिवर्सिटी कनेक्ट प्रोग्राम की शुरुआत हुई

lucknow@inext.co.in

एमबीए थर्ड सेमेस्टर के एग्जाम 6 फरवरी से

कई प्रतियोगिताएं हुईं

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

लविवि : मेधावी छात्र-छात्राएं पुरस्कृत

इंटर हॉस्टल कंपटीशन फेस्ट-2023 समापन कार्यक्रम का उद्घाटन के बाद सम्मानित छात्र-छात्राओं संग लविवि कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय।

लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ विश्वविद्यालय में चल रहे इंटर हॉस्टल कंपटीशन फेस्ट-2023 का समापन रविवार को किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय उपस्थित थे। वहीं उनके साथ चीफ प्रोवोस्ट और इस कार्यक्रम के संयोजक प्रो. अनूप कुमार सिंह, कुलानुशासक प्रो. राकेश द्विवेदी, लखनऊ यूनिवर्सिटी एथलेटिक एसोसिएशन के सेक्रेटरी डा. राहुल पांडेय भी उपस्थित थे।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके पश्चात विश्वविद्यालय का कुलगीत गाया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। चीफ प्रोवोस्ट प्रो. अनूप कुमार सिंह ने सात दिनों में हुए सभी सभी कार्यक्रमों तथा मेडल विनर्स के वारे में विस्तार से वताया। प्रो. आलोक कुमार राय ने इंटर हॉस्टल फेस्ट के लोगो का अनावरण किया और उन्हें आगे वढ़ने की प्रेरणा दी। इस फेस्ट में मुख्यतया तीन प्रतियोगिताएं हुई थीं, जिसमें शैक्षिक, सांस्कृतिक एवं खेल प्रतियोगिताएं शामिल हैं। इनोवेशंस ऑफ स्ट्रीमस, हिस्टेरिकल कनेक्ट, जैम जैसी शैक्षिक प्रतियोगिता व गायन, नृत्य, नेल आर्ट, रंगोली जैसी सांस्कृतिक प्रतियोगिताएँ हुई तथा क्रिकेट, खो खो, तग ऑफ वार व वैडमिंटन जैसी खेल प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। फेस्ट में कुल 59 प्रतियोगिताएं हुई जिसमें 30 प्रतियोगिताएं गर्ल्स की थी व 29 प्रतियोगिताएं लड़कों के लिए थी। फेस्ट में कुल 1,111 प्रतिभागी रहें जिसमें 596 लड़के व 515 लड़कियां थीं। इस दौरान जहाँ लड़कों ने कुल 94 स्वर्ण 84 सिल्वर व 47 कांस्य पदक हासिल किये, वहीं लड़कियों ने 85 स्वर्ण, 88 सिल्वर व 33 कांस्य पदक प्राप्त किये।

कुलपति प्रो. राय ने सभी छात्र - छात्राओं को उनके मेडल, ट्राफी और सर्टिफिकेटिस प्रदान किए। इस दौरान लड़कों के वेस्ट हॉस्टल का खिताव हविवुल्ला छात्रावास को तथा वेस्ट हॉस्टल गर्ल्स कैलाश छात्रावास को मिला। वेस्ट पर्फीमर गर्ल्स की ट्रॉफी प्रिया देवी कैलाश छात्रावास को मिली, जिन्हें चार पदक मिले, वहीं वेस्ट पर्फीमर व्वॉयज महमूदावाद छात्रावास के विकास सिंह रहे, जिन्हें पांच पदक मिले। इसके अतिरिक्त कुल 225 पदक व्वायज छात्रावासों को मिले और 206 पदक गर्ल्स छात्रावासों को मिले।

AMRIT VICHAR PAGE 4

इंटर हॉस्टल कंपटीशन फेस्ट के विजेता सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

लविवि

- **विजयी प्रतिभागियों को मेडल, ट्रॉफी और सर्टिफिकेट देकर किया गया सम्मनित**

इंटर हॉस्टल कंपटीशन के विजेता छात्र- छात्राएं। अमृत विचार

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय में 23 जनवरी से शुरू हुए इंटर हॉस्टल कंपटीशन फेस्ट-2023 का रविवार को समापन कर दिया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मौजूद लविवि के कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय ने विजयी प्रतिभागियों को मेडल देकर सम्मानित किया।

चीफ प्रोवोस्ट प्रो. अनूप कुमार सिंह ने बताया कि इस फेस्ट में कुल 59 प्रतियोगिताएं हुईं। जिसमें 30 प्रतियोगिताएं गर्ल्स की थी व 29 ब्वॉयज प्रतियोगिताएं थी। इसके अलावा कुल 1111 प्रतिभागी रहें। जिसमें 596 ब्वॉयज व 515 गर्ल्स थीं। जहां ब्वॉयज ने कुल 94 स्वर्ण, 84 सिल्वर व 47 कांस्य पदक हासिल किए वहीं गर्ल्स ने 85 स्वर्ण, 88 सिल्वर व 33 कांस्य पदकों पर कब्जा जमाया।

कुलपति ने सभी विजयी प्रतिभागियों को मेडल, ट्रॉफी और सर्टिफिकेट देकर उन्हे सम्मनित किया। वहीं, बेस्ट हॉस्टल ब्वॉयज हबिबुल्ला छात्रावास तथा बेस्ट हॉस्टल गर्ल्स कैलाश छात्रावास को मिला। बेस्ट परफॉर्मर गर्ल्स की ट्रोफी प्रिया देवी कैलाश छात्रावास को मिली, इन्हें 4 पदक मिले, वहीं बेस्ट परफॉर्मर ब्वॉयज महमूदाबाद छात्रावास के विकास सिंह रहे जिन्हें 5 पदक मिले हैं। इसके अतिरिक्त कुल 225 पदक ब्वॉयज छात्रावासों को मिले और 206 पदक गर्ल्स छात्रावासों को मिले।

इस मौके पट डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. पूनम टंडन, कुलानुशासक प्रो.राकेश द्विवेदी, निर्देशक सांस्कृतिकी प्रो. मधुरिमा लाल, एथलेटिक एसोसिएशन के चेयरमैन प्रो. रूपेश कुमार, सेक्रेटरी डॉ. राहुल पांडेय मौजूद रहे।

एमबीए प्रथम सेमेस्टर की 17 और तीसरे सेमेस्टर की 6 से होंगी परीक्षाएं

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने एमबीए विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं की तारीख रविवार को जारी कर दी है। जिसके अनुसार एमबीए प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 17 फरवरी से 1 मार्च तक चलेंगी। वहीं एमबीए तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा 6 से 24 फरवरी के बीच होगी। तीसरे सेमेस्टर को प्रोजेक्ट प्रजेंटेशन और मौखिक परीक्षा 27 और 28 फरवरी को सुबह 10 बजे से कराई जाएगी। लिखित परीक्षाएं दोपहर दो बजे से शाम पांच की बीच होंगी।

क्रिकेट में समाज कार्य, शतरंज में विज्ञान संकाय अव्वल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

शतरंज खेलतीं छात्राएं। अमृत विचार

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय में एथलेटिक एसोसिएशन की ओर से जी-20 कार्यक्रम के तहत रविवार को खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

यूनिवर्सिटी कनेक्ट प्रोग्राम की समन्वयक प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि भारत की जी-20 अध्यक्षता शिक्षा मंत्रालय, सरकार द्वारा युवाओं पर अधिकतम प्रभाव बनाने के लिए प्रचारित की जा रही है। इसके लिए राज्य सरकारों ने यूनिवर्सिटी कनेक्ट प्रोग्राम शुरू किया है, जिसमें छात्रों के लिए कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है। इस दिशा में लखनऊ विश्वविद्यालय छात्रों के लिए खेलकूद प्रतियोगिताओं की शुरुआत रविवार से की गई है।

उन्होंने कहा इससे खेल, सांस्कृतिक, शिक्षा, प्रदर्शनियों और सेमिनारों सहित विभिन्न आयोजनों से छात्रों को सक्रिय रूप से भाग लेने और जी-20 प्रेसीडेंसी के महत्व को समझने में मदद मिलेगी। पहले दिन आयोजित हुई प्रतियोगिताओं में विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों, विभागों एवं छात्रावासो की नौ टीमों ने प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता का उद्घाटन एथलेटिक एसोसिएशन के चेयरमैन प्रो.रूपेश कुमार ने किया। इस प्रतियोगिता में क्रिकेट, शतरंज, कैरम, खोखो आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। क्रिकेट में समाज कार्य विभाग की टीम विजयी रही, शतरंज में विज्ञान संकाय की टीम, कैरम में गणित विभाग, खो खो में महमूदाबाद छात्रावास की टीम ने बाजी मारी विजयी टीमों के सभी खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट संघ के कोच पवन सिंह बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे।

SWATANTRA BHARAT PAGE 2

एलयू में जी 20 के तहत यूनिवर्सिटी कनेक्ट प्रोग्राम का शुभारम्भ

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। भारत की जी-20 अध्यक्षता के मौके पर शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा युवाओं पर अधिकतम प्रभाव बनाने के लिए यूनिवर्सिटी कनेक्ट प्रोग्राम शुरू किया गया है जिसमें छात्रों के लिए कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है। इस दिशा में कदम बढ़ाते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय ने खेलकूद प्रतियोगिताओं के आयोजन से इस कार्यक्रम की शुरुआत रविवार से की। यूनिवर्सिटी कनेक्ट प्रोग्राम की समन्वयक प्रो. पूनम टंडन ने कहा कि खेल, सांस्कृतिक, शिक्षा, प्रदर्शनियों और सेमिनारों सहित विभिन्न आयोजनों से छात्रों को सक्रिय रूप से भाग लेने और जी 20 अध्यक्षता के

महत्व को समझने में मदद मिलेगी। लखनऊ विश्वविद्यालय एथलेटिक एसोसिएशन द्वारा जी 20 कार्यक्रम के उपलक्ष्य में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के मागदर्शन द्वारा खेल प्रतियोगिताओं का अयोजन किया गया जिसमें विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों, विभागों एवं छात्रावासों की टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रो. रूपेश कुमार, चेयरमैन एथलेटिक एसोसिएशन द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में 9 टीमों ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता में क्रिकेट,शतरंज, कैरम, खो-खो, आदि खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इनमें क्रिकेट में समाज कार्य विभाग की टीम, शतरंज में विज्ञान संकाय की टीम, कैरम में गणित विभाग, खो-खो में महमूदाबाद छात्रावास की टीम विजयी रही। विजयी टीमों के सभी खिलाड़ियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट संघ के कोच पवन सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे एवं भारतीय शतरंज संघ की रेफरी कविता सिंह, प्रो. पूनम टंडन अधिष्ठाता छात्र कल्याण एवं डीन एकेडमिक्स, प्रो. राकेश दिवेदी, एवं डॉ. अलका मिश्रा एवं भारी मात्रा में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।